Hindustan (Hindi) 1-10-18, Page-3

श्यामल और गौतम टेबल टेनिस चैंपियन

देहरादून। 11 स्पोर्ट्स इंटर स्कूल टेबल टेनिस उत्तराखंड स्टेट चैंपियनशिप में गौतम और श्यामल चैंपियन बने हैं।

कैंब्रियन हॉल स्कूल में रविवार को सब जूनियर बालक वर्ग के फाइनल में समरवैली के गौतम भारद्वाज ने अपने स्कूल के ही देवांश चौहान और जूनियर वर्ग में दून स्कूल के श्यामल ने अपने स्कूल के ही कनिश को हराकर खिताब जीता। कैंब्रियन हॉल एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण शमशेर जेबी राणा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर कैंब्रियन हॉल के प्रधानाचार्य एससी बिआला, उत्तराखंड टेटे एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष केके शर्मा मौजूद रहे।